प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 15.03.2026 समय : 09:00 ए.एम.

0000

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेशवासियों को भरोसा दिलाया–राज्य में घरेलू गैस सिलेंडर की कोई कमी नहीं।
- राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किये जा रहे कार्यक्रमों की श्रृखंला में आज प्रदेशभर में रन फॉर विकसित राजस्थान।
- प्रदेश में लगाई गई राष्ट्रीय लोक अदालत में राजीनामें से साढे 58 लाख से अधिक प्रकरणों का निस्तारण।
- विश्व उपभोक्ता दिवस के अवसर पर आज जयपुर में राज्यस्तरीय उपभोक्ता सम्मेलन का आयोजन।

00000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेशवासियों को भरोसा दिलाया है कि राज्य में घरेलू गैस सिलेंडर की कोई कमी नहीं है। आम उपभोक्ताओं को एलपीजी सिलेंडर की निर्बाध आपूर्ति जारी रहेगी। मुख्यमंत्री कार्यालय में कल हुई बैठक में श्री शर्मा ने एलपीजी सिलेंडरों की वितरण प्रणाली पर कडी निगरानी रखने और जमाखोरी तथा कालाबाजारी की गतिविधियों पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हैल्पलाईन नंम्बर 181 112 और 14435 पर मिलने वाली शिकायतों का भी प्राथमिकता से समाधान किया जाये। मुख्यमंत्री ने अफवाह और भ्रामक सूचनाएं फैलानें वालों पर भी सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस बीच राज्य सरकार ने आज से 20 फीसदी के कोटे के हिसाब से व्यवसायिक सिलेंडर उपलब्ध कराने की अनुमति दे दी है। वहीं पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने उपभोक्ताओं को खुले और अनुपयुक्त कंटेनरों में ईंधन नहीं लेने और उसका भंडारण नहीं करने की सलाह दी है। मंत्रालय ने चेतावनी दी है कि किसी भी उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

00000

भारतीय ध्वज वाले दो जहाज़ शिवालिक और नंदादेवी ने होर्मुज़ जलडमरूमध्य को सुरक्षित पार कर लिया है। नई दिल्ली में अंतर–मंत्रालयी प्रेस वार्ता में पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय में विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने यह जानकारी दी।

....

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि किसी भी खुदरा दुकान और वितरक के पास एलपीजी की कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि देश में कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार है। संयुक्त सचिव ने नागरिकों से एलपीजी सिलेंडर की केवल डिजिटल बुकिंग करने और जल्दबाजी में बुकिंग नहीं करने का आग्रह किया है।

.....

0000

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा है कि आने वाले खरीफ मौसम के लिए देश में यूरिया का भंडार पिछले वर्ष की तुलना में अधिक है।

.....

0000

राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किये जा रहे कार्यक्रमों की श्रंखला में आज प्रदेशभर में रन फॉर विकसित राजस्थान रखी गई। राज्यस्तरीय रन का आयोजन जयपुर में किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने अमर जवान ज्योति से इस रन को फ्लेग ऑफ किया। राजस्थान राज्य कीडा परिषद की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित राजस्थान के लिए युवाओं की भूमिका अहम है। सरकार युवाओं के सपनों को पूरा करने का प्रयास कर रही है और पिछले दो साल में राज्य में एक भी पेपर लीक नहीं हुआ है।

....

राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में आज जयपुर में राज्यस्तरीय एक जिला–एक उत्पाद प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया है। इसके साथ ही सभी जिलों में ओडीओपी प्रदर्शनियां लगाई गई है। जयपुर स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में जिलास्तरीय जैम्स एण्ड ज्वेलरी प्रदर्शनी रत्नम जयपुर का आयोजन किया गया है। उद्योग विभाग की ओर से लगाई गई इस प्रदर्शनी में प्रदेश के विभिन्न जिलों के ओडीओपी उत्पादों के करीब सवा सौ स्टॉल्स लगाये गये है। ये विशेष उत्पद बिक्री के लिए भी उपलब्ध रहेंगे। राजस्थान दिवस समारोह की कडी में कल डूंगरपुर के बैणेश्वर धाम में जनजातीय गौरव दिवस आयोजित किया जायेगा।

0000

प्रदेश में कल लगाई गई राष्ट्रीय लोक अदालत में राजीनामे के जरिये 58 लाख 55 हजार से ज्यादा प्रकरणों का निस्तारण किया गया। इसमें कुल 10 अरब रूपये से अधिक की राशि के अवार्ड पारित किये गये। राजस्थान उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश और राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष संजीव प्रकाश शर्मा की अगुवाई में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से साल 2026 की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत लगाई गई। इसका आयोजन राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर और जयपुर पीठ तथा प्रदेश के सभी जिला न्यायालयों, अधिकरणों, आयोगों, उपभोक्ता मंचों और राजस्व न्यायालयों में हुआ। उच्च न्यायालय जोधपुर में 200 और जयपुर पीठ में 201 मामलों का राजीनामे से निपटारा किया गया।

00000

आज विश्व उपभोक्ता दिवस है। इस अवसर पर जयपुर में राज्यस्तरीय उपभोक्ता सम्मेलन रखा गया है। उपभोक्ता मामले विभाग की ओर से इसका आयोजन कॉन्स्टिटयूशन क्लब में किया जायेगा। सुरक्षित उत्पाद–आश्वस्त उपभोक्ता थीम पर होने वाले इस सम्मेलन में उपभोक्ता अधिकारों के लिए जागरूकता बढाने और उपभोक्ता संरक्षण से जुडे विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की जायेगी।

00000

उत्तर भारत में सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ के असर से राज्य के मौसम में बदलाव आया है। कल देर रात जयपुर सहित कई जिलों में हुई हल्की बारिश और तेज हवाओं ने गर्मी से राहत दी है। कई स्थानों पर दिनभर बादलों की आवाजाही के कारण सूरज की तपिश कमजोर रही। कोटा, जोधपुर और जयपुर के अधिकतम तापमान में 3 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आई है। प्रदेश के लगभग सभी शहरों का पारा 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे आ गया है। मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ का असर आज भी बने रहने की संभावना जताई है। जयपुर और भरतपुर संभाग, शेखावाटी क्षेत्र और श्रीगंगानगर, हनुमानगढ तथा आसपास के क्षेत्र में गरज के साथ हल्की बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

00000

बालोतरा में आज से राज्य स्तरीय मल्लीनाथ तिलवाड़ा चैत्र पशु मेले का शुभारंभ होगा। जिला कलेक्टर सुशील कुमार यादव ध्वजारोहण कर इसकी शुरूआत करेंगे। इस मौके पर शोभायात्रा भी निकाली जायेगी। हमारे संवाददाता ने बताया कि 19 मार्च तक चलने वाले इस मेले में भाग लेने के लिए पडौसी राज्यों से भी काफी संख्या में पशुपालक पहुंच रहे है।

....

00000

नई दिल्ली में कल संपन्न हुए विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में भारत 75 स्वर्ण सहित कुल 208 पदकों के साथ शीर्ष स्थान पर रहा। प्रतियोगिता में आठ देशों के 257 एथलीटों ने हिस्सा लिया। भारत ने 75 स्वर्ण, 69 रजत और 64 कांस्य पदक जीते।

00000